भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. 2458
सोमवार, 4 अगस्त, 2025/13 श्रावण, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**आतिथ्य उद्योग में एफसीआई और आईएचएम**

**2458. श्री कंवर सिंह तंवरः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के अधीन फूड क्राफ्ट इंस्टीट्यूट (एफसीआई) और होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम) वर्तमान में पर्यटन उद्योग से संबंधित विशिष्ट व्यवसायों में पेशेवर विशेषज्ञता की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, आतिथ्य उद्योग के लिए व्यक्तियों को तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं;

(ख) यदि हाँ, तो अमरोहा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र सहित उत्तर प्रदेश में विगत तीन वर्षों के दौरान तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या देश के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर सरकार के अधीन भारतीय पर्यटन और यात्रा प्रबंधन संस्थान (आईआईटीटीएम) के माध्यम से यात्रा और पर्यटन उद्योग में व्यावसायिक अवसरों के लिए व्यक्तियों को प्रोत्साहित करने हेतु पर्यटन संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है; और

(घ) यदि हाँ, तो अमरोहा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र सहित उत्तर प्रदेश में विगत तीन वर्षों के दौरान तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) और (ख): जी हां, राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों के अंतर्गत खाद्य शिल्प संस्थान (एफसीआई) और केंद्र/राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों के अंतर्गत होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम) वर्तमान में आतिथ्य क्षेत्र के लिए व्यक्तियों को तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। इन प्रशिक्षणों में पर्यटन उद्योग में विभिन्न विशिष्ट व्यवसायों के लिए आवश्यक पेशेवर विशेषज्ञता प्राप्त करने पर जोर दिया जाता है।

- एफसीआई संबंधित राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों के तत्वावधान में स्वायत्त संस्थानों के रूप में कई राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों में प्रचालनरत हैं और राष्ट्रीय होटल प्रबंधन एवं खानपान प्रौद्योगिकी परिषद (एनसीएचएमसीटी) से मान्यता प्राप्त हैं।

- एफसीआई आतिथ्य और होटल प्रबंधन संबंधी व्यवसायों के लिए विशेष रूप से तैयार तकनीकी और कौशल-आधारित सैद्धांतिक तथा व्यावहारिक पाठ्यक्रमों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करते हैं। इन पाठ्यक्रमों में खाद्य उत्पादन, खाद्य एवं पेय सेवा, फ्रंट ऑफिस संचालन, हाउसकीपिंग में डिप्लोमा और शिल्प कौशल सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम शामिल हैं। इस प्रशिक्षण का फोकस आतिथ्य उद्योग के लिए कुशल जनशक्ति तैयार करने पर है।

- आईएचएम, एनसीएचएमसीटी के अंतर्गत उन्नत आतिथ्य शिक्षा और प्रशिक्षण के लिए अग्रणी संस्थानों के रूप में कार्य करते हैं और पूरे भारत में इसके केंद्रीय तथा राज्य-स्तरीय संस्थान मौजूद हैं। ये संस्थान आतिथ्य और होटल प्रशासन, खाद्य उत्पादन, आवास संचालन और ऐसे ही अन्य पाठ्यक्रमों में स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा और प्रमाणपत्र कार्यक्रम संचालित करते हैं।

यद्यपि, अभी तक अमरोहा जिले में भौतिक रूप से कोई एफसीआई या आईएचएम स्थापित नहीं है, परंतु अमरोहा के छात्र उत्तर प्रदेश में एफसीआई अलीगढ़ और आईएचएम लखनऊ जैसे निकटवर्ती संस्थानों में दाखिला ले सकते हैं।

पिछले तीन वर्षों के दौरान विभिन्न पाठ्यक्रमों के तहत उत्तर प्रदेश में एफसीआई अलीगढ़ और आईएचएम लखनऊ से उत्तीर्ण उम्मीदवारों का विवरण निम्नानुसार है:

| **संस्थान का नाम** | **पाठ्यक्रम का नाम** | **वर्ष** | | | **कुल** |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 | |
| आईएचएम लखनऊ (उत्तीर्ण छात्रों की संख्या) | डिप्लोमा पाठ्यक्रम | 68 | 60 | 105 | 233 |
| | डिग्री पाठ्यक्रम | 288 | 290 | 266 | 844 |
| | स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम | 24 | 30 | 16 | 70 |
| एफ़सीआई अलीगढ़ (उत्तीर्ण छात्रों की संख्या) | डिप्लोमा पाठ्यक्रम और शिल्प पाठ्यक्रम | 114 | 129 | 218 | 461 |

इसके अलावा, एफसीआई और आईएचएम सरकार के सेवा प्रदाताओं के लिए अल्पकालिक क्षमता निर्माण (सीबीएसपी) कौशल कार्यक्रम की प्रमुख कार्यान्वयन एजेंसियां हैं, जो पर्यटन उद्योग के औपचारिक और अनौपचारिक, दोनों क्षेत्रों को लक्षित करते हैं। उत्तर प्रदेश राज्य में पिछले 3 वर्षों के दौरान सीबीएसपी योजना के अंतर्गत प्रशिक्षित व्यक्तियों की संख्या निम्नानुसार है:

| **वित्त वर्ष** | **2021-22** | **2022-23** | **2023-24** | **कुल** |
|---|---|---|---|---|
| प्रशिक्षित व्यक्तियों की संख्या | 4729 | 3418 | 3368 | 11515 |

(ग) और (घ): जी हां, भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन संस्थान (आईआईटीटीएम) के माध्यम से पर्यटन संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किए जाते हैं। जहां तक अमरोहा सहित उत्तर प्रदेश में प्रदान किए जाने वाले प्रशिक्षण की स्थिति है, वह इस प्रकार है:

| **संस्थान का नाम** | **पाठ्यक्रम का नाम** | **वर्ष** | | | **कुल** |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 | |
| आईआईटीटीएम नोएडा (उत्तीर्ण छात्रों की संख्या) | डिग्री पाठ्यक्रम | 108 | 76 | 59 | 243 |
| | स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम | 80 | 53 | 58 | 191 |

इसके अतिरिक्त, आईआईटीटीएम ने अतुल्य भारत पर्यटक सुविधाप्रदाता (आईआईटीएफ) /अतुल्य भारत पर्यटक गाइड (आईआईटीजी) कार्यक्रम के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया, जिसके तहत उत्तर प्रदेश राज्य में 1571 उम्मीदवारों को आईआईटीएफ (बेसिक) और 25 उम्मीदवारों को आईआईटीएफ (एडवांस-हेरिटेज) के लिए प्रशिक्षित/प्रमाणित किया गया।

*****